गायों के झुंड को बचाने के प्रयास में कार पेड़ से टकराई

एक की मौत, दूसरा घायल, दोनों सगे भाई

गुंसी, (निसं)। एन.एच. 52 पर गुंसी के पास गुरुवार दोपहर करीब 1 बजे गायों के झुंड को बचाने के प्रयास में एक होंडा सिटी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड से जा टकराई।

इस दुर्घटना में कार में सवार दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए जिनमें से एक ने सामुदायिक अस्पताल चाकसू में उपचार के दौरान दम तोड दिया। दूसरे घायल को गंभीर अवस्था में निवाई सदर पुलिस ने महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती करवाया है। दोनों भाई आने वाले दिनों में परिवार में होने वाली शादी के लिए जयपुर से शॉपिंग कर कोटा जा रहे थे। निवाई सदर थाना पुलिस ने बताया कि हैदराबाद निवासी एक परिवार में शादी का कार्यक्रम था। गुरुवार को नीलकंठ शर्मा व दूसरे भाई जितेंद्र शर्मा पुत्र देवेंद्र शर्मा जयपुर से शादी के लिए शॉपिंग कर होंडा सिटी कार से कोटा की ओर जा रहे थे।

गायों को बचाने के दौरान पेड़ से टकराई होण्डा कार।

उन्होंने बताया कि दोपहर करीब 1 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर गुंसी के पास गायों के झुंड को बचाने के प्रयास में उनकी कार अनियंत्रित होकर सडक किनारे एक पेड से जा टकराई। इस दुर्घटना में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों एवं पुलिस ने दोनो घायलों को बाहर निकाला और एम्बुलेंस 108 की सहायता से चाकसू अस्पताल में भर्ती करवाया जहां उपचार के दौरान नीलकंठ शर्मा 55 वर्ष की मृत्यु हो गई। पुलिस ने गंभीर घायल को महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती करवाया जहां उसका उपचार जारी है। पुलिस ने बताया कि मृतक के शव को चाकसू अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है। परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

जगन्नाथ पहाडिया मेडिकल कॉलेज में रैगिंग का मामला

भरतपुर, (निसं)। जगन्नाथ पहाडिया मेडिकल कॉलेज में सीनियर छात्रों के द्वारा जूनियर छात्र के साथ रैगिंग करने का मामला सामने आया है। कॉलेज के फर्स्ट ईयर के छात्र विजय मूढोतिया विनायक पीजी में रहकर कॉलेज की पढ़ाई कर रहा है।

विजय मूढोतिया ने बताया कि उसके पास रात 12 बजे 2022 वर्ष बैच के सैकण्ड ईयर के सीनियर स्टूडेंट सुरेश विश्नाई ने कॉल कर पास में ही किशोरी पीजी में रैगिंग के लिए बुलाया। लेकिन विजय मूढोतिया ने आने से मना कर दिया। जिस पर उन लोगों ने उसे गालियां दी। जिस पर एतराज जताने पर सीनियर स्टूडेंट सुरेश विश्नोई, कुमार मंगल, रूपेन्द्र ओला व एक अन्य छात्र के साथ वहां आए और कुमार मंगल विश्नोई ने थाप थप्पडों से मारपीट की और औकात में रहने की बोलकर चले गए। इस घटना की शिकातय मिलने पर प्रिसीपल डॉ. सुभाष गुप्ता की अध्यक्षता में एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक हुई। जिसमें सभी छात्रों के पक्ष रखे गए। एंटी रेगिंग कमेटी ने सभी की बातों को सुनकर इस मामले में निर्णय लेते हुए सुरेश विश्नोई, कुमार मगलम विश्नोई और रूपेन्द्र ओला को दोषी मानते हुए पच्चीस पच्चीस हजार रूपये का जुर्माना लगाया और तीन माह के सस्पेंसन की कार्यवाही की गई। वहीं एक अन्य छात्र विकास को माइनर दोषी मानते हुए एक माह के लिए सस्पेंड किया।

अक्षय कुमार 'खेल-खेल में' की शूटिंग के लिए उदयपुर पहुंचे

उदयपुर, (कासं)। रैडिसन ब्लू पैलेस रिसॉर्ट ऐंड स्पा, उदयपुर ने बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार का स्वागत किया। अक्षय कुमार अपनी आगामी फिल्म खेल खेल में की शूटिंग के लिए दो सप्ताह तक ठहरने के लिए यहाँ आये हैं। इस पैलेस में सुपरस्टार और फिल्म के स्टार कलाकारों की मेजबानी की जा रही है, जिनमें तापसी पन्नू, वाणी कपूर, फरदीन खान, आदित्य सील और किरण कुमार शामिल हैं। वे इस पैलेस में फिल्म के कुछ महत्वपूर्ण सीन्स की शूटिंग के लिए ठहरे हुए हैं।

- **दो सप्ताह तक ठहरने के लिए अक्षय के साथ तापसी पन्नू, वाणी कपूर, फरदीन खान, आदित्य सील और किरण कुमार भी पहुंचे**

पैलेस की टीम हर संभव प्रयास कर रही है ताकि सभी कलाकार पूरी सहूलियत के साथ यहां रह सकें। कड़ी सुरक्षा के साथ पैलेस में सभी उपायों का पालन किया जा रहा है जों क्रू की सुरक्षा और प्राइवेसी के ख्याल से ज़रूरी होने चाहिए। चाहे असाधारण पकवानों का अनुभव हो, ताजगी भरने वाली गतिविधियों की व्यवस्था हो, शूटिंग की तैयारी के लिए समर्पित स्थान निर्धारित करना हो, फिल्म के सीन्स के लिए विशिष्ट परिवेश तैयार करना हो, या सपोर्ट स्टाफ, प्रॉप्स आदि की व्यवस्था हो, पैलेस हर मामले में कलाकारों और क्रू के आरामदायक और यादगार स्टे सुनिश्चित करने में कोई कसर बाकी नहीं रख रहा है।

रैडिसन ब्लू पैलेस रिसॉर्ट ऐंड स्पा, उदयपुर के चेयरमैन और एमडी सोमेश अग्रवाल ने कहा कि हमें बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार के साथ-साथ तापसी पन्नू, वाणी कपूर, फरदीन खान, आदित्य सील, एवं किरण कुमार सहित फिल्म की सितारों-भरी कलाकार मंडली की मेजबानी करने का अवसर मिलने से बेहद खुशी हो रही है। यह टीम फिल्म के महत्वपूर्ण हिस्से की शूटिंग के लिए यहाँ आई है और हम उन्हें सभी संभव तरीके से सपोर्ट कर रहे हैं।

अक्षय कुमार ने अपने प्रशंसकों के साथ कुछ पल बातचीत की और एक नन्ही लड़की को बुके दिया।

ब्लैक बिजनेस कैजुअल पोशाक में पैलेस में प्रवेश के साथ अक्षय कुमार का प्यार, आनंद और रोमांच के साथ स्वागत किया गया। अपने प्रशंसकों के साथ कुछ पल बातचीत करने के बाद उन्होंने एक नन्ही लड़की को गले लगाया, जो उनके पैर छूने की कोशिश कर रही थी और फिर उन्होंने उसे एक बुके दिया। इस पैलेस में पहले भी अनेक सेलिब्रिटीज की मेजबानी की जा चुकी है। फ़तेह सागर झील और अरावली पर्वत श्रंखला के सामने यह आलीशान महल बेहद महत्वपूर्ण जगह पर स्थित है। यह पैलेस काफी बड़ा है और यहां लग्ज़री सुविधायें तथा शानदार हॉस्पिटैलिटी मिलती है।

मनवाखेड़ा-तितरडी ग्राम पंचायतों द्वारा जारी पट्टे निरस्त करने के आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने नगर विकास प्रन्यास उदयपुर के पक्ष में सुनाया निर्णय

उदयपुर, (कासं)। सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली ने नगर विकास प्रन्यास उदयपुर की कुल 6 अपीलें 20 फरवरी 2024 को स्वीकार करते हुए ग्राम पंचायत मनवाखेडा एवं तितरडी द्वारा राजस्व ग्राम मनवाखेड़ा एवं मादडी पानेरियां में जारी पट्टों के आधार पर काबिज भूखण्डों पर पट्टेधारियों द्वारा नगर विकास प्रन्यास उदयपुर के विरुद्ध वादों को खारिज कर भूखण्ड पर न्यास का अधिकार माना हैं।

उदयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त राहुल जैन ने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा जारी पट्टे राजस्थान पंचायती राज अधिनियम 1959 एवं पंचायती राज नियम 1961 के प्रावधानों के विपरित बिना अधिकार के बिलानाम भूमि पर जारी किये गये थे जिसे उच्चतम न्यायालय ने 2 फरवरी 2024 से अपीले स्वीकार करते हुए रिपोर्टेबल जजमेन्ट पारित किया। न्यायालय द्वारा इस निर्णय में यह सिद्धान्त प्रतिपादित किया कि बिना अधिकार के सरकारी भूमि पर ग्राम पंचायतों को पट्टा जारी करने का अधिकार नहीं था एवं पट्टा जारी किये जाने हेतु विधिक प्रावधानो की पालना किये बिना जारी किये गये पट्टों के आधार पर वादी कोई सहायता प्राप्त करने के अधिकारी नहीं हैं।

मामले में तथ्य इस प्रकार से हैं कि ग्राम पंचायत मनवाखेड़ा राधेश्याम त्रिपाठी ने स्वयं के लिये दो पट्टे क्रमशः आराजी संख्या 2026 से 2050 में रुपये 498 में 6097 वर्गफिट का पट्टा एवं 498 रुपये में 6120 वर्गफिट का पट्टा तथा अपनी पत्नी के नाम आराजी संख्या 2026 से 2050 में दो पट्टे क्रमशः राशि 498 में 7645 वर्गफिट का पट्टा एवं राशि 498 में 4,500 वर्गफिट का पट्टा प्राप्त किया तथा इसी आराजी संख्या 2026 से 2050 में अपने पुत्र विपिन त्रिपाठी के नाम राशि 498 में 4,500 वर्गफिट का पट्टा प्राप्त किया। इसी प्रकार से गंगाबाई मेनारिया द्वारा ग्राम पंचायत तितरड़ी द्वारा राजस्व ग्राम पानेरियो की मादड़ी में आराजी संख्या 1163 में 1330 वर्गगज का पट्टा प्राप्त किया। यह सभी पट्टे बिलानाम सरकारी भूमि पर जारी किये गये।

नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर द्वारा कब्जा हटाये जाने के नोटिस के विरुद्ध सिविल न्यायालय, शहर दक्षिण, उदयपुर में प्रस्तुत पृथक-पृथक वाद प्रस्तुत किये जाने पर न्यायालय द्वारा 30 अप्रेल 2023 को यह वाद खारिज कर दिये जिसके विरुद्ध न्यायालय अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, क्रम संख्या 3, उदयपुर के समक्ष प्रस्तुत अपील को न्यायालय द्वारा स्वीकार की जाकर अधीनस्थ न्यायालय के आदेश को निरस्त करते हुए वादीगण के कब्जों को राज्य सरकार की नीति के अनुसार नियमन किये जाने का आदेश 19 अप्रेल 2004 एवं 11 मार्च 2005 को दिया जिसके विरुद्ध नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर द्वारा राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर में द्वितीय अपीले दायर की गई जिनको न्यायालय द्वारा आदेश दिनांक 04.09.2007 से खारिज कर दिया गया। राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर के उक्त आदेश के विरुद्ध नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर द्वारा माननीय उच्चतम न्यायालय में विशेष अनुमति याचिकाएं दायर की गई। जिसमें नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता की सेवाएं ली जाकर पैरवी की गई।

उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष प्रभावी पैरवी किये जाने से राजस्व ग्राम मनवाखेडा एवं मादडी पानेरियां की लगभग 42,436 वर्ग फिट भूमि जिसकी बाजार दर लगभग 80-85 करोड़ रूपये हैं, जो उदयपुर विकास प्राधिकरण को प्राप्त होगी।

मां-बेटे के झगड़े में बेटे की मौत

भीलवाड़ा, (निसं)। मां बेटे के झगड़े के बाद मां जब थाने में बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंची तो पीछे से डरे हुए बेटे ने जहरीली वस्तु खा ली। उसकी हालत बिगड़ने पर उसे इलाज के लिए महात्मा गांधी हॉस्पिटल लेकर आए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया

- **मां थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने गई तो डरे हुए बेटे ने खाया जहर**

मामला शहर के सुभाष नगर थाना क्षेत्र का है। सुभाष नगर में में रहने वाले छोटू लाल पिता राम चन्द्र कीर (40) ने आज सुबह अपनी मां से लड़ाई झगड़ा किया , परेशान मां जब बेटे के खिलाफ सुभाष नगर थाने में मामला दर्ज करवाने पहुंची तो पीछे से बेटे ने घर पर अज्ञात वस्तु का सेवन कर लिया , जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। उसे इलाज के लिए महात्मा गांधी हॉस्पिटल लेकर आए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया । मृतक के भाई ने किशन कीर ने बताया कि छोटू लाल पिछले कुछ समय से एक महिला के साथ रिलेशनशिप में था और इसी के चलते भाई और मां की आए दिन लड़ाई झगड़ा होता रहता था।

भाई मां को हर कभी मरता पिटता रहता था । आज सुबह भी दोनों के बीच में काफी झगड़ा हुआ गुस्से में मां सुभाष नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करने पहुंची लेकिन जब उसे मामा और परिवार के लोगों ने समझाया तो वो रिपोर्ट नहीं देने पर मान गई । इसी बीच ने भाई ने घर पर किसी अज्ञात वस्तु का सेवन कर लिया , जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। उसे हम लोग इलाज के लिए यहां महात्मा गांधी हॉस्पिटल लेकर आए लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया और मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

युवक ने फांसी लगाई

भीलवाड़ा, (निसं)। शहर के चंद्रशेखर आजाद नगर क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

मामला शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र का है यहां चन्द्र शेखर आजाद नगर के सी सेक्टर में रहने वाले राजू चंदवानी पिता अर्जुन दास चंदवानी (38) ने आज अपने घर पर फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। मृतक की पत्नी जब कमरे में उसे उठाने गई तो पति फांसी के फंदे पर झूलता नजर आया। सूचना मिलने पर प्रताप नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतरवा कर महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मॉर्च्यूरी में भिजवाया जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया। मृतक आजाद नगर में ही प्लास्टिक का आइटम का ठेला लगाता है। आत्महत्या करने के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

परबतसर क्षेत्र के गांव बांसडा के लैब टेक्नीशियन तारा चन्द बुगालिया और नेणिया के मुकेश राठी ने दायरा बुग्याल भारत के उत्तराखंड राज्य में हिमालय के 3,300 मीटर (10,800 फीट) और 4,000 मीटर (13,000 फीट) के बीच ऊंचाई वाली बर्फ से घिरी दायरा बुग्याल पहाड़ी पर जाकर देश का तिरंगा फहराया। बुगालिया ने पिछली साल भी केदारकांठा ट्रेक करके 12500 पर तिरंगा फहराया था।

पोक्सो एक्ट में आरोपी को 20 वर्ष की सजा सुनाई

करौली, (निसं) पोक्सो कोर्ट की विशिष्ट न्यायाधीश अलका बंसल ने अभियुक्त खुशीराम पुत्र प्यारेलाल मीना निवासी जाहरा थाना नादौती व पप्पू उर्फ ओमप्रकाश पुत्र रामनिवास मीना निवासी कोडियाई थाना बौंली जिला सवाईमाधोपुर राज. को पॉक्सो एक्ट में दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास व 1 लाख 41 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया।

पोक्सो कोर्ट के विशिष्ट लोक अभियोजक महेंद्र कुमार मुद्गल ने बताया कि पीड़िता के चाचा ने एक रिपोर्ट थाना में पेश की कि 11 दिसंबर 2022 को उसकी नाबालिग भतीजी खाना खाकर अपनी दादी के पास सो रही थी तो रात्रि के करीब 12 बजे खुशीराम दो बाइकों से तीन चार आदमियों को लेकर आया और जबरदस्ती से उसकी भतीजी को लेकर फरार हो गया। जिस पर 13 दिसंबर 2022 को प्रकरण थाना नादौती में दर्ज होने के बाद पीड़िता की दस्तयाबी व अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास किए गए तो 27 दिसंबर को थाना बौंली जिला सवाईमाधोपुर से जरिए सूचना मिली की आपके थाना क्षेत्र के एक लड़का और लड़की ने जहर खा लिया है जिससे लड़की की मौत हो चुकी है और व लड़के की हालत नाजुक है जिसे इलाज हेतु सवाईमाधोपुर भिजवाया गया है।

तत्पश्चात मृतक अपहर्ता की लाश परिजनों को सौंपी गई व आरोपी खुशीराम का इलाज अस्पताल जयपुर में किया गया। तत्पश्चात अनुसंधान अधिकारी द्वारा जैर इलाज भर्ती खुशीराम से घटना के संबंध में अनुसंधान किया गया तथा आरोपी खुशीराम द्वारा 27 दिसंबर को पर्चा बयान से दर्ज कराई गई एफआईआर की प्रति प्राप्त की तत्पश्चात आरोपी पप्पू उर्फ ओमप्रकाश मीना से अनुसंधान किया गया व 10 जनवरी 2023 को गिरफ्तार किया गया। तत्पश्चात 01 अप्रेल 2023 को आरोपी खुशीराम व पप्पू उर्फ ओमप्रकाश के खिलाफ चालान अंतर्गत धारा उपरोक्त में पेश न्यायालय किया गया।

हार्ट अटैक से ए.एस.आई. की मौत

बीकानेर, (निसं)। जिले के जसरासर पुलिस थाने में तैनात सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) भंवरदान की हार्ट अटैक आने से मौत हो गई।

दरअसल, बीती रात को अचानक उनकी हार्ट अटैक आने से तबीयत ज्यादा बिगड़ गई। इसकी सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम उनको लेकर अस्पताल पहुंची। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पिछले एक साल से भंवरदान जसरासर पुलिस थाने में तैनात थे। इसकी खबर मिलने के साथ पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं रात को अभय कमांड सेन्टर से ड्यूटी कर लौट रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे युवक घायल हो गया।

दरअसल, मामला जयनारायण व्यास कॉलोनी पुलिस थाना क्षेत्र का है। इस आशय की रिपोर्ट बाबूलाल भाटी पुत्र रामेश्वर ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ थाने में दी है। रिपोर्ट में बताया कि उसका बेटा रात को अभय कमांड सेन्टर से ड्यूटी की वापस घर लौट रहा था। वल्लभ गार्डन में अज्ञात वाहन ने उसके बेटे को टक्कर मार दी। जिससे उसको चोटें आई है। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ थाने में मामला दर्ज किया है।

अजमेर के डॉ. योगेश नरेनिया की अनूठी मिसाल

अजमेर, (कासं)। अजमेर निवासी डॉ. योगेश नरेनिया, जो जुनून के साथ अपने जॉब के दायरे से बाहर लगातार विविध विषयों के साथ राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा देते हुए कई अन्तर्राष्ट्रीय कीर्तिमान अपने नाम किये जा रहे हैं। नरेनिया ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी,नई दिल्ली द्वारा आयोजित यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट-) 14 बार अलग-अलग विषयों में उत्तीर्ण करके अनूठी मिसाल कायम की है।

शिक्षक के पेशे से अपने कॅरियर की शुरुआत करने वाले डॉ. नरेनिया ने अपने कॅरियर प्रमोशन पर भी पूरा ध्यान दिया और आर.ए.एस. की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन से सीधे राजस्थान लेखा सेवा के अंतर्गत चयनित होकर लेखाधिकारी का पद हासिल किया। वर्तमान में आयुर्वेद निदेशालय, अजमेर में वरिष्ठ लेखाधिकारी के पद पर सेवारत डॉ. योगेश नरेनिया अलग-अलग विषयों में चौदह बार नेट की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विश्व के पहले व्यक्ति के रूप में शामिल हो गये हैं।

- **अलग-अलग विषयों में चौदह बार नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की**

डॉ.नरेनिया अब तक लोक प्रशासन, मानवाधिकार एवं कर्तव्य, पुनः लोक प्रशासन, प्रबंधन, महिला अध्ययन, हिंदी, शिक्षा, पत्रकारिता एवं जनसंचार, दर्शनशास्त्र, राजनीति विज्ञान, प्रौढ़ शिक्षा/वयस्क शिक्षा/सतत शिक्षा/अनौपचारिक शिक्षा,तुलनात्मक साहित्य,लोक साहित्य तथा मनोविज्ञान विषयों में नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं। डॉ. नरेनिया ने नेट परीक्षाओं सहित अलग-अलग संकायों की कुल 26 उपाधियां अर्जित की है। चौदह अलग-अलग विषयों में नेट उत्तीर्ण कर लेने की उपलब्धि के लिए इनका नाम एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स तथा इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया जा चुका है। अब गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नामांकन के लिए प्रस्ताव विचाराधीन है।

दामाद व समधी के खिलाफ रूपये हड़पने का आरोप

सुजानगढ़, (निसं)। एक व्यक्ति ने अपने दामाद एवं समधी के खिलाफ रूपये हड़पने के आरोप का मामला दर्ज करवाया है। भंवरलाल पुत्र कृष्णपाल डूडी निवासी प्रगति नगर, सुजानगढ़ ने रिपोर्ट दी है कि उसकी पुत्री प्रतिभा का विवाह अजयपाल पुत्र हरकरणराम जाट निवासी तिपनी, लाडनूं के साथ के 12 मई 2022 को हुआ था। 20 मई 2022 को हरकरणराम व अजय पाल ने 20 लाख रूपये उधार मांगे तथा एक रूपया सैंकड़ा, प्रति माह की दर से 18 माह में मूल राशि ब्याज सहित चुकाने का आश्वासन दिया। 20 मई 2022 को साढ़े तेरह लाख रूपये आरोपियों को नगद दिए। जिसमें से दो लाख अस्सी हजार रूपये नगद व 10 हजार रूपये कुतर पेटे जमा करावे। शेष राशि दस लाख साठ हजार रूपये और ब्याज आरोपियों ने नहीं दिया। 25 दिसम्बर 2023 को हरकरणराम व अजयपाल सुजानगढ़ आए, तो आरोपियों ने रूपये व ब्याज चुकाने से इंकार कर दिया।

अजमेर साइंस पार्क का दर्जा बढ़ा, अब इसके निर्माण पर 28 करोड़ खर्च होंगे

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पंचशील में साइंस पार्क की आधारशिला रखी

अजमेर, (कासं)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गुरुवार को अजमेर के विकास में एक नए अध्याय की शुरुआत की। उन्होंने पंचशील में साइंस पार्क और इसकी चारदीवारी की आधारशिला रखी। खास बात यह है कि अजमेर के साइंस पार्क को एक दर्जा बढ़ा कर ग्रेड दो का कर दिया गया है। अब इसके निर्माण पर करीब 28 करोड़ रूपए खर्च होंगे। इसमें तारामंडल सहित कई खासियतें होंगी।

पंचशील में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गुरूवार को अजमेर को साइंस पार्क की बड़ी सौगात दी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए देवनानी ने कहा कि यह साइंस पार्क अजमेर के भविष्य की नींव है। वर्तमान युग विज्ञान का युग है। बच्चों को साइंस से जुड़ी जानकारियों में पूर्णतः अपडेट रहना चाहिए अजमेर के विद्यार्थियों और बाहर से आने वाले पर्यटकों के लिए यह साइंस पार्क नई जानकारियों का एक पूरा जहां खोलेगा। यहां साइंस से जुड़ी जिज्ञासाओं को समाधान होगा। बच्चों अपने आपको एक नई जानकारी से रूबरू जाएंगे। देवनानी ने कहा कि, अजमेर का साइंस पार्क पर्यटन और रोजगार की दृष्टि से भी नई राह खोलेगा। यहां आने वाले पर्यटक होटल, परिवहन और खाद्य पदार्थों के व्यापार के लिए नए अवसर बनाएंगे। यह स्कूलों में भी एक नई सोच को बढ़ावा देगा। देवानानी ने कहा कि अजमेर का साइंस पार्क कई तरह से अनूठा होगा। इसमें एक ऑडिटोरियम, एक साइंस एक्टीविटी लैब, गार्डन, प्रशासनिक भवन, आउटडोर मॉडल, मॉडल डवलपमेंट लैब और एक्टीविटी एरिया भी होगा।

- **तारामंडल सहित कई खासियतें होंगी, पर्यटन और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे**

उन्होंने बताया कि अजमेर साइंस पार्क का दर्जा बढ़ाकर इसे ग्रेड दो किया जा रहा है। इब इसमें विभिन्न सुविधाओं के साथ तारामंडल भी होगा। यानि यहां आने वाले पर्यटक और बच्चे गैलेक्सी का नजारा भी देख सकेंगे। तारामंडल के कारण पार्क की लागत 15.20 करोड़ से बढ़कर 28 करोड़ होने जा रही है। इसके साथ ही अजमेर विकास प्राधिकरण द्वारा यहां चारदीवारी का निर्माण भी करवाया जा रहा है। 28 करोड़ से ज्यादा की लागत से दो चरणों में बनकर तैयार होने वाले साइंस पार्क का आकार 20 हजार वर्गमीटर है।

इस मौके कर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव वी सरवन कुमार सहित अजमेर विकास प्राधिकरण की आयुक्त नित्या के उपस्थित रहे। अजमेर में बनने वाला साइंस पार्क पश्चिमी भारत में सबसे आधुनिक होगा। यहां विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण व सोच जगाने के लिए कई आयाम स्थापित किए जाएंगे। साइंस पार्क में एक क्रिएटिविटी जोन बनेगा, जहां विद्यार्थी अपनी विज्ञान सोच और क्षमता को विकसित कर सकेंगे। इसमें थीम बेस पार्क, फन साइंस पार्क, आउटडोर साइंस पार्क, तारामण्डल, एक्जीबिट लैब सहित अन्य खासियतें भी होंगी। भौतिक और गणित से जुड़े विभिन्न मॉडल्स भी प्रदर्शित होंगे। भवन को भारतीय स्थापत्य शौलियों के अनुसार डिजाइन किया जा रहा है।